


नवभारत
भोपाल, सोमवार, 1 जून, 2026


# बैंक और बीमा कंपनी के बीच फुटबॉल बने किसान

## एक वर्ष पहले जलकर नष्ट हो गई थी गेहूं की फसल, मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने दिया था भरोसा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ बहादुरपुर।** एक वर्ष पहले क्षेत्र के झागर बमुरिया गांव में खड़ी फसलें आग की भेंट चढ़ गई थीं, इस घटना में 500 बीघा में खड़ी गेंहू की पकी फसल जलकर नष्ट हो गई थी। इस नुकसान की अब तक भरपाई नहीं हो पाई है। अभी भी 5 ऐसे किसान बैंक और बीमा कंपनी के बीच फुटबॉल बने हुए हैं, जिन्होंने न केवल फसल बोने के दौरान बीमा कराया बल्कि फसल नष्ट होने के बाद भी अपनी जमापूंजी किसान क्रेडिट कार्ड के कर्ज को चुकाने में लगा दी। अब यह किसान नियमित रूप से बीमा कराने और हर 6 माह में केसीसी जमा करने के बाद भी क्षतिपूर्ति नहीं ले पाए हैं। ऐसा नहीं है कि किसानों ने प्रयास नहीं किए बल्कि बीते एक वर्ष में वह दर्जनों चक्कर बैंक शाखा के लगा चुके हैं और कईयों दफा बीमा कंपनी से भी बात कर चुके जिन्हे



अब तक केवल आश्वासन ही हाथ लगा है।

दरअसल 5 अप्रैल 2025 को क्षेत्र के झागर बमुरिया गांव में अज्ञात कारणों से फसलों में आग लग गई थी। इस आग में करीब 1500 बीघा के खेत चपेट में आए। सर्व के दौरान सामने आया कि 500 बीघा में गेंहू की फसल खड़ी थी। घटना के तुरंत बाद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेतों पर पहुंचे और किसानों को राजस्व विभाग द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा बांटा। लेकिन उन किसानों को बीमा की क्षतिपूर्ति नहीं मिली जो नियमित रूप से फसल का बीमा करा रहे थे। इन किसानों में रमेश सेन 5 बीघा, देशराज सेन 7 बीघा, सरदार सिंह यादव 5 बीघा, रामसिंह यादव 4 बीघा एवं जगदीश यादव 3 बीघा वाले छोटे-छोटे किसान हैं।

**मौके पर पहुंचे कंपनी अधिकारियों ने भी दिया था दिलासा:**

पीड़ित किसानों ने बताया कि घटना के तत्काल बाद बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बकायदा मौके का मुआयना किया, सर्वे रिपोर्ट तैयार की और जल्द ही बीमे की राशि देने का पक्का आश्वासन भी दिया था। लेकिन आज एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी किसानों के खातों में फूटी कौड़ी भी नहीं आई है। किसान जब इस संबंध में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में जाते हैं, तो बैंक प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए उन्हें सीधे बीमा कंपनी से बात करने की नसीहत देकर टाल देता है। परेशान किसानों ने सीएम हेल्पलाइन और बैंक के उच्च अधिकारियों की हेल्पलाइन पर कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। शिकायतों पर केवल कागजी कार्रवाई और झूठे आश्वासन मिल रहे हैं, जिससे किसानों का इस व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है।

***इनका कहना है।***

*हमने सर्वे कर कंपनी स्तर पर रिपोर्ट जमा कर दी थी, पुलिस रिपोर्ट में आग की वजह मानवीय भूल था एवं नियमों के मुताबिक फसल बीमा में प्राकृतिक कारणों से नुकसान पर ही क्षतिपूर्ति मिलती है। फिर भी हम एक बार फिर अपने वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में बात करेंगे।*

***महेन्द्र सिंह, प्रबंधक,***
***एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी, अशोकनगर।***



## पेट्रोप पंप पर कांग्रेसियों ने चॉकलेट बांटकर जताया महंगाई का विरोध

नवभारत न्यूज

**नईसराय। डीजल-पेट्रोल के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने रविवार को एक अनोखा प्रदर्शन करते पंप पर पैट्रोल-डीजल लेने आए लोगों को चॉकलेट वितरित कर की।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रघुवंशी और किसान कांग्रेस अध्यक्ष रितेश रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शाम के समय स्थानीय पेट्रोल पंप पर पहुंचे और वहां ईंधन भरवाने आए वाहन चालकों और आम लोगों को मेलोडी चॉकलेट बांटी जब हैरान लोगों ने इसका कारण पूछा तो कार्यकर्ताओं ने तंज कसते हुए कहा मेलोडी खाओगे तो खुद जान जाओगे, इस अनोखे कटाक्ष के जरिए कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि कमर तोड़ महंगाई से जनता त्रस्त है इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी, आईटी सेल प्रभारी नितिन रघुवंशी, चंद्रेश कुशवाह सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## एक नजर में




### 42 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद शिक्षक राकेश श्रोत्रिय को भावभीनी विदाई

**चंदेरी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय हरकुंड में रविवार को वरिष्ठ शिक्षक राकेश श्रोत्रिय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उनके 42 वर्षों की उत्कृष्ट शासकीय सेवा को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता बीईओ सुरभि जैन ने की जबकि मंच संचालन अरुण तिवारी ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री श्रोत्रिय के लंबे शैक्षणिक जीवन, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें शिक्षा जगत की प्रेरणास्रोत हस्ती बताया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि 42 वर्षों की निष्कलंक एवं समर्पित सेवा के बाद उनकी सेवानिवृत्ति शिक्षा जगत के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन है। एक शिक्षक अपने पद से नहीं, बल्कि अपने विचारों, संस्कारों और विद्यार्थियों के जीवन पर छोड़े गए सकारात्मक प्रभाव से सदैव याद किया जाता है। वहीं मॉडल स्कूल के प्राचार्य रामसहाय कटारे ने कहा कि शिक्षक वास्तव में कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। उनका अनुभव, मार्गदर्शन और समाज के प्रति समर्पण जीवनभर नई पीढ़ियों को दिशा देता रहता है। वहीं शिक्षक अख्तर खान पठान ने श्री श्रोत्रिय के कार्यकाल को अनुकरणीय बताते हुए उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर राकेश श्रोत्रिय का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, पुस्तक एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। उपस्थित जनों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कृषि पर आधारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने की किसानों से चर्चा

**अशोकनगर।** कृषि पर आधारित मन की बात कार्यक्रम के 134वें संस्करण में इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों से चर्चा की एवं उन्हें प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने उसे अपनाने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी, 841 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा सुना गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने चंदेरी विधानसभा के बूथ क्रमांक 250 विक्रमपुर में किसानों के साथ कार्यक्रम को देखा सुना। उन्होंने उपस्थित किसानों से जन संवाद करते हुए कृषि के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार करने एवं प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ई-विकास पोर्टल के माध्यम से कृषकों को उर्वरक का प्रदाय

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में जिले में ई-विकास प्रणाली से ई-विकास पोर्टल पर 40275 कृषकों द्वारा ई-टोकन जनरेट किये गये, 15117 कृषकों द्वारा उर्वरकों का उठाव किया गया है। डबललॉक केन्द्रों से 4336 मे.टन, निजी विक्रेताओं से 4017 मे.टन, एमपी एग्रो से 371 मे.टन, पैक्स से 86 मे.टन उर्वरकों की मात्रा (यूरिया, टीएसपी, एसएसपी, एनपीके) का उठाव खरीफ फसलों हेतु किया जा चुका है। ई-विकास प्रणाली से कृषकों को एक ही बार में अपने रकबे अनुसार संपूर्ण उर्वरकों की मात्रा प्रदाय की जा रही है। अभी खरीफ सीजन की बुआई में समय है। समय अवधि में सभी कृषकों को उर्वरकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

### किसानों को ई-टोकन रजिस्टर करने ग्राम पंचायत स्तर पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अशोकनगर।** जिले में किसानों को सुगमता पूर्वक उर्वरक प्राप्त करने हेतु ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली व्यवस्था संपूर्ण प्रदेश मैं प्रारम्भ किये जाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर जिलों में ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण किये जाने की व्यवस्था की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव ग्राम रोजगार सहायक, कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, किसान मित्र एवं सेवा समितियों द्वारा ग्राम पंचायत में उपस्थित रहकर ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से कृषकों को ई टोकन रजिस्टर करने, संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा (यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा)। प्रशिक्षण के दौरान समस्त किसानों को अवगत कराया जाएगा कि

# रिश्तेदार ही निकला चोरी का मास्टरमाइंड

## ईसागढ़ पुलिस ने दो घरों में हुई चोरी का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना अंतर्गत दो घरों में चोरी की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया, घरों में हुई चोरी का मास्टर माइंड परिवार को रिश्तेदार ही निकला, जिसके अपने साथियों के साथ घर में रखे सोने-चांदी के आभूषणो सहित नगदी में हाथ साफ किया था। पुलिस ने पूरे प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए, उनसे 4 लाख रुपये का चोरी गया मशरूका एवं वारदात में प्रयुक्त बाईक बरामद की है।

उल्लेखनीय है कि थाना ईसागढ़ क्षेत्र अंतर्गत 25-26 मईकी दरम्यानी रात्रि में वार्ड क्रमांक 14 कंडेलगंज ईसागढ़ निवासी समीर खान एवं इरफान खान के घरों में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कमरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली गई थी। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना ईसागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जिसके चलते ईसागढ़ पुलिस द्वारा विभिन्न टीमों का गठन कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी शाहरुख पुत्र आजाद खां, उम्र 24 वर्ष, आसिक उर्फ छिंगा पुत्र अजीज खां, उम्र 19 वर्ष एवं रोहित पुत्र सीताराम कुशवाह, उम्र 19 वर्ष सभी निवासी म्याना, जिला गुना को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, नगदी सहित कुल 3 लाख 30 हजार रुपये मूल्य का मशरूका तथा अपराध में प्रयुक्त लगभग 70 हजार रुपये मूल्य की बाइक जप्त की गई। इस प्रकार कुल 4 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की गई है।




### रिश्ते में आरोपी और फरियादी लगते हैं भाई-भाई

घटना का मुख्य आरोपी शाहरुख खान एवं फरियादी समीर खान आपस में सगे मामा-बुआ के लड़के हैं, जिससे आरोपी को परिवार एवं घर की जानकारी होने का लाभ मिला था। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ईसागढ़ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक ज्ञानलता राठौर, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार, अवनीश पाठक, हरि सिंह रघुवंशी, राजीव शर्मा, आरक्षक देवेन्द्र लोधी, रुपेन्द्र तोमर, अमित शर्मा, नरेश झा एवं आरक्षक चालक अर्जुन शर्मा की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।



## गर्मी में लू से बचा रहा ताल का फल

**चंदेरी।** ताल वृक्ष एक ऐसा मौसमी फल है जो साल में केवल 10 से 15 दिनों के लिए ही बाजारों में दिखाई देता है। यह फल खासकर गर्मी के मौसम में चंदेरी के दिल्ली दरवाजे के पास बिकता मिल जायेगा। लोग पूरे साल इस फल का बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि इसका स्वाद तो कमाल होता ही है साथ ही इसके सेहत से जुड़े फायदे भी अनमोल हैं। यानी ये फल दोहरा फायदा पहुंचाता है। यह पेड़ बहुत ऊंचा होता है, करीब 100 से 200 फीट और इसका फल पेड़ की ऊपरी शाखाओं पर लगता है। लगभग बीस वर्षों से ताल वृक्ष के फल बेंच रहे फूल सिंह मोंगिया ने बताया की इस वर्ष मेरे द्वारा चालीस पेड़ के फलों का ठेका बीस हजार रुपए में लिया है। ताल के वृक्ष से फल तोड़ने की मजदूरी पांच सौ रुपए लगते हैं। जिसे तोड़ने में बड़ी मेहनत लगती हैं। एक पेड़ से लगभग छः सौ फल निकलते हैं। फल जिस खोल के अंदर से निकलता है उसका खोल काफी सख्त होता है। इसकी खासियत यह है कि यह साल में सिर्फ 10 से 15 दिन ही मिलता है, यह शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है, गर्मियों में लू से बचाता है और स्वाद में बहुत मीठा, रसीला और जेली जैसा होता है। एक ताल वृक्ष फल से तीन खोवा निकलते हैं।

## कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ

**ग्राम महिदपुर में जगह-जगह हुआ स्वागत**

**यज्ञ, श्रीराम कथा, रामलीला का हो रहा आयोजन**



नवभारत न्यूज

**नईसराय।** ग्राम महिदपुर में आयोजित हो रहे यज्ञ, श्रीराम कथा और रामलीला का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान धार्मिक आस्था और श्रद्धा के वातावरण में ग्राम में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा का शुभारंभ छापर स्थित मंदिर से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया।

कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। यात्रा का समापन मनसा पूर्ण हनुमान जी मंदिर (तला वाले) परिसर में हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को से विधिवत हवन-यज्ञ का शुभारंभ भी किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों, आयोजन समिति एवं पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। यात्रा के दौरान पुलिस बल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## मनुष्य के लिए ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी : एसपी

**ब्राह्मण समाज का स्नेह सम्मेलन आयोजित**

**ट्रस्ट के लिए दानदाताओं ने दी राशि**




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट ओम प्रकाश चौधरी द्वारा की गई। तो वहीं सम्मेलन में प्रमुख रूप से चित्रकूट से पधारे संत 1008 प्रभुतानंद महाराज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं द्वारा समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने एवं समाज में फैले वर्ग भेद दूर करने पर चर्चा की गई।

इस दौरान मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा कि मानव के लिए ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है, समाज ज्ञान अर्जित करके ही प्रगति कर सकता है, युवाओं को ज्ञान अर्जन हेतु सतत प्रयास करना चाहिए। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में सब का सहयोग आवश्यक है। वहीं दिनेश बिर्थरे ने समाज में फैले वर्ग भेद पर प्रकाश डाला एवं सबको संगठित होने का संदेश दिया। बलराम शर्मा ने कहा कि समाज के सम्मुख खर्चीली शादियां दहेज प्रथा प्री वेडिंग, मृतक भोज जैसी चुनौतियां हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। दीपक मिश्रा ने बताया कि ब्राह्मण धर्म से जुड़ा है धर्म रहेगा तब ब्राह्मण रहेगा इसलिए हमारा प्रथम कर्तव्य है धर्म की रक्षा हेतु सभी समाजो की रक्षा करना हमारा दायित्व है सभी समाजों को धर्म पर लाना हमारा कर्तव्य है।

**आयोजन** | **विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गूंजे नशा मुक्ति के नारे**

# गायत्री महायज्ञ के साथ ग्रामीणों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को तंबाकू और हर प्रकार के नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।

**शहर में निकली विशाल जागरुकता रैली :**

शहर में गायत्री परिवार और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों, गांधी पार्क से होती हुई पुरानी सब्जी मंडी पहुंची। रैली के दौरान कार्यकर्ता लाउडस्पीकर और गगनभेदी नारों के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत कर रहे थे। मार्ग में डॉ. हरवीर रघुवंशी और शंभू दयाल ने नशा मुक्ति पर आधारित प्रेरक गीत गाकर आमजन को व्यसन छोड़ने के लिए प्रेरित किया। रैली का समापन पुरानी सब्जी मंडी में उपस्थित नागरिकों को जीवनभर नशा न करने का सामूहिक संकल्प दिलाकर हुआ।




**पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ आयोजितः**

ग्राम धना बड़ोदिया में भी ग्रामीणों और गायत्री परिजनों द्वारा पूरे उत्साह के साथ नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद यह रैली यज्ञ स्थल पर संपन्न हुई। अखंड दीप शताब्दी और माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के पावन उपलक्ष्य में ग्राम बरोदिया में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने विश्व कल्याण की भावना से यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कीं और साथ ही नशा मुक्ति के महत्व को समझा। इस दौरान ग्राम में परम पूज्य गुरुदेव के सद विचारों का दीवाल लेखन किया गया।

इस मौके पर रमेश चंद्र शर्मा, दौलत सिंह, अजय सिंह रघुवंशी, अमर सिंह रघुवंशी, भूपेंद्र सिंह रघुवंशी सहित ग्राम के भूरा केवट, अंकेश यादव, रामदयाल कुशवाह, गोलू कुशवाह, बंटी कुशवाह, शिवू यादव, जगभान सिंह यादव, रमन सिंह यादव और नीरज केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।